दिन– बुधवार दिनांक– 02/09/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिपरिषद ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित किया। पहले की तरह मिलता रहेगा चार लाख रुपये का शिक्षा ऋण।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चिकित्सा आपके द्वार अभियान की शुरूआत की। तीस वर्ष से अधिक उम्र के छह करोड़ लोगों की होगी स्वास्थ्य जांच।

03. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर। गंगा और सोन समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी।

04. और, मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, कैमूर, गया, रोहतास और सीवान जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

राज्य सरकार ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों तक विस्तारित करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया कि योजना के तहत पहले की तरह चार लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

––साउंड बाइट ––

श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना की अवधि वित्तीय वर्ष दो हजार तीस–इकतीस के लिए विस्तारित कर दी है। राज्य मंत्रि परिषद ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत बक्सर के डुमरांव और मुंगेर में दुधारू पशुओं के पालन केंद्रों की स्थापना को स्वीकृति दी। साथ ही कैबिनेट ने बिहार राज्य बकरी पालक सहकारी परिसंघ के गठन को भी मंजूरी दी। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती और अमर शहीद रामफल मंडल की शहादत दिवस राजकीय समारोह के रूप में मनाने का निर्णय लिया। कैबिनेट की बैठक में कुल सत्ताईस प्रस्तावों पर मुहर लगी।

———————————————————————

प्रदेश के नगर निकायों को सोलहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के तहत केंद्र सरकार से नौ हजार एक सौ उनहतर करोड़ रुपये की राशि मिली है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये जानकारी दी। इस राशि से राज्य के नगर निकायों में बुनियादी शहरी सुविधाओं और विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। श्री चौधरी ने बताया कि पटना नगर निगम को पांच हजार करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने इस राशि के आवंटन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि जांच एवं उपचार–चिकित्सा आपके द्वार अभियान के तहत तीस वर्ष से अधिक उम्र के छह करोड़ लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। आज पटना में इस अभियान की शुरूआत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि अभियान के तहत प्राप्त आंकड़ों को आभा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि अभियान के तहत चौदह हजार पांच सौ स्वास्थ्य केंद्रों पर मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसे गैर–संचारी रोगों की पहचान की जाएगी।

——साउंड बाइट——

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान तीस नवम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव मौजूद थे।

———————————————————————

सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेंद्र मिश्र को श्री राम जन्मभूमि मंदिर का मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सीईओ नियुक्त किया गया है। एयर मार्शल श्री मिश्र ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वेस्टर्न एयर कमांड के प्रमुख रहे हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा उन्नीस नवंबर से दस दिसंबर के बीच आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की तिथि एक अक्टूबर से इक्कीस अक्टूबर तक निर्धारित

की गयी है। पात्रता परीक्षा का परिणाम दिसम्बर महीने के अंतिम सप्ताह में प्रकाशित किया जाएगा।

———————————————————————————

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। गंगा, गंडक और कोसी नदी के बाद सोन नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी के कारण उत्तर बिहार के साथ–साथ मध्य और दक्षिण बिहार के भी कई इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हमारे रोहतास संवाददाता ने बताया है कि बाणसागर डैम से पानी छोड़े जाने के बाद सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

——रिपोर्ट——

सोन नदी में उफान के चलते इंद्रपुरी बराज के सभी उनहत्तर फाटक खोल दिये गए हैं। जल संसाधन विभाग के अनुसार शाम पांच बजे बराज पर लगभग पांच लाख बासठ हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। इससे नदी के तटीय और निचले इलाकों में पानी फैलने की आशंका बनी हुयी है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन की ओर से नौहट्टा, तिलौथू, डेहरी और नासरीगंज सहित सोन नदी के आस–पास के इलाकों में माइकिंग कर लोगों को लगातार सावधान किया जा रहा है। इस बीच, जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि बाणसागर के रेडियल गेट को धीरे–धीरे बंद किया जा रहा है, जिससे जलस्तर में कमी आने की संभावना है। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चंदन कुमार।

———————————————————————————

कैमूर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते जिले से होकर गुजरने वाली दुर्गावती और कर्मनाशा समेत पहाड़ी नदियों के जलस्तर में अप्रत्याशित बढ़ोतरी देखी जा रही है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

——रिपोर्ट——

दुर्गावती जलाशय के सभी फाटक खोल दिये जाने के बाद दुर्गावती, कर्मनाशा, कुदरा, सुअरा, कुकुरनहिया और गेहुअनवा समेत कई नदियां उफान पर हैं। दुर्गावती नदी पर कुदरा बाजार के पास बना दोनों पुल पानी में डूब गया हैं। इससे दर्जनों गांवों के लोगों का कुदरा बाजार और प्रखंड मुख्यालय से सीधा संपर्क बाधित हो गया है। निचले इलाके में किसानों की फसल डूब गई है। जिलाधिकारी कुमार अनुराग ने तटवर्ती इलाकों का जायजा लिया। उन्होंने लोगों को नदी के आसपास नहीं जाने तथा सावधानी बरतने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए कैमूर से श्रीकांत पांडेय।

औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में सोन, बटाने, पुनपुन, धावा, अदरी, मदार और केशहर नदियों के बढ़ते जलस्तर से बारून, कुटुम्बा, औरंगाबाद और ओबरा प्रखंड के कई गांव प्रभावित हैं। जहानाबाद जिले में दरधा नदी के उफान पर रहने के चलते जाफरगंज शकुराबाद और साई मंदिर स्थित तीन पुल–पुलियों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। अरवल में पुनपुन नदी का पानी तटवर्ती क्षेत्रों में फैल रहा है।

———————————————————————————

इधर, गंगा नदी का पानी भागलपुर, खगड़िया, समस्तीपुर, पटना, बक्सर, भोजपुर और वैशाली समेत कई जिलों के निचले इलाकों में फैल गया है। भागलपुर जिला बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। उपमुख्यमंत्री सह–जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति खतरनाक होने के बावजूद नियंत्रण में है।

——साउंड बाइट——

हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के सभी प्रमुख घाटों पर गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

——रिपोर्ट——

जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, गंगा का जलस्तर मनेर, दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। दीघा घाट पर गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 35 सेंटीमीटर ऊपर है। नदी गांधी घाट पर खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही। पटना के भद्र घाट, नौजर घाट और महावीर घाट पर गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर सड़कों पर बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया है। पटना सिटी की अनुमंडल पदाधिकारी कशिश बख्शी ने बताया कि घाटों पर एसडीआरएफ की टीम को नाव और गोताखोरों के साथ तैनात रखा गया है।

——साउंउ बाइट——

इधर, बाढ़ प्रभावित दियारा इलाकों में जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव अभियान जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

बक्सर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सहायक नदियां भी उफान पर हैं। खगड़िया, समस्तीपुर और कटिहार जिले के तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वैशाली जिले के चार प्रखंडों के सोलह गांव बाढ़ की चपेट में हैं। भोजपुर जिले के उत्तर प्रदेश सीमा से सटे खवासपुर गांव में गंगा नदी का पानी तेजी से फैल रहा है। इस बीच, वाल्मीकिनगर गंडक बराज से आज शाम पांच बजे एक लाख सतहत्तर हजार और वीरपुर कोसी बराज पर दो लाख छब्बीस हजार क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। जल संसाधन विभाग ने सभी तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है और बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य युद्धस्तर पर किये जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत और  बचाव कार्य भी चलाया जा रहा है।

————————————————————————————

झारखंड के ऊपर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई। औरंगाबाद के ओबरा में सबसे अधिक एक सौ पैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल अररिया,

किशनगंज, कैमूर, गया, रोहतास और सीवान जिले में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————

नेपाल के जनकपुर से अयोध्या के बीच अगले वर्ष अप्रैल से 'रामायण सर्किट' ट्रेन का परिचालन शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में जयनगर में भारत और नेपाल के अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में ट्रेन के परिचालन, रखरखाव, यात्री सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी।

————————————————————————————

इकतालीसवें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अवसर पर आज एम्स, पटना की ओर से नेत्रदान, जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य आम लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूक करना था।

————————————————————————————

अरवल जिले के तेलपा थाना क्षेत्र के तिलकधारी बिगहा मोड़ के पास एक ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

————————————————————————————

शेखपुरा जिले के बरबीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोईरी बिगहा मोहल्ला में करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य मंत्रिपरिषद ने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को अगले पांच वर्षों के लिए विस्तारित किया। पहले की तरह मिलता रहेगा चार लाख रुपये का शिक्षा ऋण।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने चिकित्सा आपके द्वार अभियान की शुरूआत की। तीस वर्ष से अधिक उम्र के छह करोड़ लोगों की होगी स्वास्थ्य जांच।

03. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर। गंगा और सोन समेत सभी प्रमुख नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी।

04. और, मौसम विभाग ने अररिया, किशनगंज, कैमूर, गया, रोहतास और सीवान जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।